देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 17.12.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज स्वरोजगार योजना के तहत लाभार्थियों के बैंक खातों में 33 करोड. 22 लाख रुपये की धनराशि का ऑनलाइन माध्यम से वितरण किया।
- विकसित भारत–जी राम जी विधेयक लोकसभा में पेश, ग्रामीण परिवारों को मिलेगी सालाना 125 दिन के रोजगार की गारंटी ।
- ऋषिकेश–हरिद्वार मोटर मार्ग पर देर रात एक वाहन दुर्घटना में चार लोगों की मृत्यु।
- और.. उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने कार्बेट पार्क में नए जिप्सी संचालकों को राहत दी। रजिस्ट्रेशन के बनी गाइडलाइन पर रोक लगाई।

सीएम स्वरोजगार

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत 3 हजार 8 सौ 48 लाभार्थियों के बैंक खातों में 33 करोड़ 22 लाख रुपये की धनराशि का ऑनलाइन माध्यम से वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का संकल्प है कि उत्तराखंड का युवा नौकरी ढूंढने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बने। श्री धामी ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना राज्य की उन प्रमुख योजनाओं में से एक है, जिसने वास्तविक रूप से पलायन को रोकने, रिवर्स माइग्रेशन को बढ़ावा देने और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

विकसित भारत–रोजगार

विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन–ग्रामीण विधेयक वीबी– जी– राम– जी को कल लोकसभा में पेश किया गया। कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि इसमें ग्रामीण परिवारों के लिए प्रतिवर्ष 125 दिन के रोजगार की गारंटी दी गई है। श्री चौहान ने कहा कि महात्मा गांधी ग्रामीण समुदायों को आत्मनिर्भर और विकसित बनाए जाने के पक्षधर् थे और उनकी इसी भावना के अनुरूप, मौजूदा विधेयक में गरीब कल्याण और ग्राम विकास के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है।

राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक का दर्जा

चंपावत जिले के रैगांव और बर्दाखान आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक का दर्जा मिला है। दोनों आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को भारत सरकार ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणन प्रदान किया है। इन केंद्रों में सभी मानकों के 12 सेवा पैकेजों का सफल अनुपालन मिला था। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर देवेश चौहान ने बताया कि यह उपलब्धि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व और स्वास्थ्य विभाग की टीम एएनएम, सीएचओ और आशा कार्यकर्ताओं के प्रयासों से हासिल हुई है। जिलाधिकारी मनीष

कुमार ने कहा कि यह उपलब्धि गौरव का विषय है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और आमजन का विश्वास और अधिक सुदृढ़ होगा।

स्कूल के समय में बदलाव

रुद्रप्रयाग जिले में वन्यजीवों के बढ़ते खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन ने जिले के सभी शासकीय, निजी विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में सुबह 9 बजकर 15 मिनट से दोपहर बाद 3 बजे शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित की जाएगी। जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने बताया कि शीतकाल में वन्यजीवों की गतिविधियां बढ़ जाती हैं और कई स्कूलों तक पहुंचने वाले रास्ते वन क्षेत्रों से होकर गुजरते हैं। इसलिए नौनिहालों की सुरक्षा को लेकर ये निर्णय लिया गया है।

28 कृषकों के दल

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कैंप कार्यालय से जिला योजना के अंतर्गत देहरादून के 28 कृषकों के दल और दो उद्यान कार्मिकों को 05 दिवसीय सेब एवं कीवी उत्पादन प्रशिक्षण के लिए डॉ. वाईएस परमार कृषि एवं वानिकी विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रदेश में सेब और कीवी जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों की अपार संभावनाएं हैं। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से कृषकों को आधुनिक तकनीक, उन्नत किस्मों, पौध संरक्षण एवं विपणन की जानकारी प्राप्त होगी, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कृषकों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

विशेष अभियान चलेगा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत के निर्देश पर एफडीए ने प्रदेश भर में क्रिसमस और नववर्ष पर मिलावटखोरी रोकने के लिए खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से विशेष अभियान चलाया जाएगा। अपर आयुक्त एफडीए ताजबर सिंह जग्गी ने कहा कि त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए मिठाई, नमकीन, बेकरी उत्पाद, कन्फेक्शनरी, डेयरी उत्पाद व अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट की विशेष निगरानी करने के साथ सैंपल जांच के लिए भेजे जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के नेतृत्व में विशेष टीमें गठित की गई हैं, जो निर्माण इकाइयों से लेकर थोक व खुदरा विक्रेताओं की जांच करेंगी। उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान होटल, रेस्टोरेंट, मिठाइयों की दुकानों से खाद्य पदार्थों के सैंपल एकत्रित किए जाएंगे।

## पुराने कानूनों को रद्द

लोकसभा ने पुराने कानूनों को रद्द करने वाले निरसन और संशोधन विधेयक को पारित किया। ये विधेयक 71 अधिनियमों को रद्द करता है ओर चार अधिनियमों में संशोधन भी करता है। विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि 2014 से सरकार सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के मंत्र पर काम कर रही है।

## सड़क दुर्घटना

ऋषिकेश क्षेत्र में मनसा देवी मंदिर के रेलवे फाटक के पास कल देर रात एक तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई। दुर्घटना में चार लोगों की मृत्यु हो गई। कोतवाल केसी भट्ट के अनुसार कल रात साढ़े दस बजे के करीब एक तेज रफ्तार कार हरिद्वार से ऋषिकेश की ओर जा रही थी। इसी दौरान कार अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गई और चार लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

## ऑस्कर के लिए नामित नामित

भारतीय फिल्म होम बाउंड को 98वें ऑस्कर पुरस्कार की सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म श्रेणी के लिए नामित किया गया है। नीरज घेवान के निर्देशन में बनी यह फिल्म इस श्रेणी के लिए नामित 15 फिल्मों में शामिल है। पुरस्कार के विजेता की घोषणा आगामी 15 मार्च को होगी।

## गाइडलाइन पर रोक

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने कार्बेट पार्क में नए जिप्सी संचालकों को राहत देते हुए रजिस्ट्रेशन के लिए बनी गाइडलाइन पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने राज्य सरकार सहित सभी पक्षकारों को चार सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने और कार्बेट पार्क के निदेशक को जिप्सी पंजीकरण की तिथि बढ़ाने और सभी को मौका देने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी एवं न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई।

## मौसम

मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेशभर में 20 दिसंबर तक मौसम शुष्क रहेगा। जबकि 21 दिसंबर को उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग व पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में बारिश होने की संभावना है। साथ ही हिमालयी क्षेत्रों में 3500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होने के आसार हैं।

प्रविष्टियां आमंत्रित

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के इंडिया एआई मिशन ने कृषि में यांत्रिक मेधा के वास्तविक प्रभावों के संकलन के लिए वैश्विक स्तर पर प्रविष्टियां आमंत्रित की हैं। मंत्रालय इस मिशन को महाराष्ट्र सरकार के एआई और कृषि प्रौद्योगिकी नवाचार केंद्र के सहयोग से चला रहा है और इसे विश्व बैंक का समर्थन प्राप्त है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस पहल का उद्देश्य फसल नियोजन, कृषि कार्यों, बाजार तक पहुंच और किसानों की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए यांत्रिक मेधा के उपयोग का दस्तावेजीकरण करना है।

निर्णय पर रोक

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने प्रदेश में शराब के दाम को बढ़ाने संबंधी राज्य सरकार के निर्णय पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति रवीन्द्र मैठाणी एवं न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ ने सुनवाई के बाद यह आदेश दिया है। मामले के अनुसार सरकार ने बीती 28 नवंबर को एक नोटिफिकेशन जारी कर प्रदेश में शराब के दामों में वृद्धि करने का निर्णय लिया था। जिसके बाद राज्य की शराब बनाने वाली डिस्टलरी मैसर्स इंडियन ग्याइकोल्स लिमिटेड की ओर से उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कर प्रदेश में शराब के दाम को बढ़ाने के सरकार के निर्णय को चुनौती दी गई थी।

रेल मंत्रालय

रेल मंत्रालय ने यात्रियों की सुविधा बढ़ाने, बुनियादी रेल ढांचे को मजबूत करने, बेहतर सफाई और रेल प्रचालन के लिए कई कदम उठाए हैं। इसी के तहत 2019 में वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरुआत की गई थी जिसकी संख्या बढ़कर 164 हो गई है। मेक इन इंडिया पहल के अंतर्गत बनी इन रेलगाड़ियों में स्वचालित दरवाजे, घूमने वाली सीटें, बायो–वैक्यूम शौचालय, जी.पी.एस. आधारित यात्री सूचना प्रणाली और सी.सी.टी.वी. कैमरे लगे हैं। इसी प्रकार, वर्तमान में 2600 से अधिक रेलवे स्टेशन सौर ऊर्जा से चालित हैं। इससे वर्ष 2030 तक रेलवे को कार्बन उत्सर्जन रहित बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलेगी।